Principal ...
Vibha Bhoot
Suresh Kumar
Manjit Sheoran
valaria sethi
Dr. Sangeeta Malik
Deepak Chopra
Reetu Sardana
Manjit Singh
59 others
You
10:42 | ois-fjup-ebw

नारी अपनी अंतरशक्तियों को पहचाने : डॉ. विभा

नभ-छोर न्यूज ⏭ 18 अप्रैल

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय में आज लिट्रेरी सोसायटी, अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में स्पेक्टल ऑफ हरसेल्फ ए स्टडी ऑफ वूमैन इन इण्डिया विषय पर एक्टेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की मुख्यवक्ता डॉ. विभा भूत ने कहा कि नारी अपनी अंतरशक्तियों को पहचाने और अपने भविष्य की रूपरेखा को स्वर्णिम अक्षरों से लिखे। उन्होंने भारतीय नारी की स्थिति का वर्तमान, भूतकाल व भविष्य के संदर्भ में शोध पर आधारित तथ्यों के आधार पर विश्लेषण किया। लेक्चर के आरम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि अगर आप उन्नति के पथ पर अग्रसर होना चाहते हैं तो आप को स्वयं के व्यक्तित्व को निखारना होगा। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. यशु राय तायल ने मुख्यवक्ता डॉ. विभा भूत का स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। लिट्रेरी सोसायटी व आयोजन समिति की संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी ने उद्देश्यपूर्ण श्रोताओं का आभार प्रकट किया। डॉ. संगीता ने कार्यक्रम के सभी उपस्थित माननीय जनों का धन्यावाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. शम्मी नागपाल, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. विजय सिंह, प्रो. मंजीत सिंह, डॉ. मीनाक्षी चैहान, डॉ. रितु, मधुर वेदांत, मंजीत सिंह, सुमित, लविशा, दीपक व डॉ. राजकुमार उपस्थित रहे।

कार्यशाला में शोध कार्यों पर दी जानकारी

नभ-छोर न्यूज ⏭ 18 अप्रैल

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई 'शोध विषय और विधियां' से सम्बधित कार्यशाला के दूसरे दिन शोध के मूल तत्व और सांख्यिकीय तरीकों के बारे में व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. रश्मी शर्मा रही। उन्होंने भूगोल विषय से सम्बन्धित शोध कार्यों में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के स्टेटिस्टीकल मैथड से विद्यार्थियों को अवगत कराया। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसमें स्नातकोत्तर स्तर के लगभग 50 विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी। कार्यवाहक प्राचार्य अरूणा कद द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यशाला की संयोजिका प्रो. मंजू शर्मा ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह का सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. विभा कौशिक, डॉ. दीपिका, गरिमा, शुभम, विक्रमजीत, सुखबीर, डॉ. मीनाक्षी तथा डॉ. राखी आदि मौजूद थे।